प्रेस विज्ञप्ति

यातायात शाखा आयुक्तालय जोधपुर का सोशल मीडिया पर भ्रामक वायरल विडियो के सम्बन्ध में

दिनांकः—17.08.2025

आज दिनांक 17.08.2025 को सोशल मीडिया पर एक विडियो वायरल हो रहा है, जिसमें यातायात पुलिस आयुक्तालय जोधपुर के अनुसंधान अधिकारी द्वारा पैसे लेने का विडियो वायरल हो रहा है, उक्त वायरल विडियो में एक अज्ञात महिला द्वारा बताया जा रहा है कि यातायात पुलिस पैसे ले रही है। वायरला वीडियो का संज्ञेय में आने पर तत्काल उच्च अधिकारियों द्वारा इसकी सत्यता जाने पर पाया गया कि मोहम्मद अमीर मोटर साईकिल नम्बर आर जे 07 एस टी 2762 पर तीन सवारी बैठा कर वाहन चालक वाहन चलाता हुए पाया गया तो वाहन को रुकवाकर ई—डिवाईस मशीन से चालान प्रवर्तन की कार्यवाही की गई है। वाहन चालक द्वारा मौक पर ही चालान को कम्पोज करने का अनुरोध किया गया था जिस पर अनुसंधान अधिकारी द्वारा चालान की एमवीएक्ट निर्धारित जुर्माना राशि 100 रुपये रोकड़ लेकर चालान को कम्पोज किया गया था। इस संबध में वाहन चालक को जुर्माना की रसीद भी दी गई थी। वाहन चालक को पूछताछ की गई तो सही होना पाया गया तथा चालान रसीद प्राप्त करने का भी स्वीकार किया गया। उक्त विडियो यातायात पुलिस की छवि को खराब करने के उदेश्य से झूठा वायरल किया गया।

यातायात पुलिस का उद्देश्य आयुक्तालय क्षेत्र के आमजन को मौके पर ही चालान कम्पोज करवाने का उदेश्य रोकड़ एवं यूपीए आईडी से कैश लेकर मौके पर चालान का निस्तारण करवाना है। वाहनों चालको को से होने वाली परेशानी से मुक्त करना हैं।

अतः यातयात पुलिस आयुक्तालय जोधपुर से आमजन से अपील है कि बिना सत्यता जांच भ्रामक विडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल नही किया जावे। भविष्य में इस प्रकार के भ्रामक एवं झूठ तथ्यों के द्वारा विडियों सोशल मीडिया पर विडियो वायरल किये जाने वालों के विरुद्व विधि सम्मत कार्यवाही की जायेगी।

सदैव आपकी सेवामें — यातायात पुलिस आयुक्तालय जोधपुर
यातायात नियमों का पालन करें —अनावश्यक परेशानी से बचे।

(दुर्गाराम चौधरी)
अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त
यातायात, जोधपुर